# हेलीकॉप्टर से लेकर रेल के कलपुर्जों तक का बड़ा केंद्र बनकर उभरा यूपी

## एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर से लेकर रेल के कलपुर्जे बनाने का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। इसका लाभ यहां के उद्यमियों को भी मिल रहा है। यह कहना है एचएएल के सहायक महाप्रबंधक आरके गोयल का। वे शुक्रवार को भागीदारी भवन में एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला व औद्योगिक प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि व एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने उद्यमियों से पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया।

सचान ने कहा कि देश के कुल निर्यात में एमएसएमई का 49 प्रतिशत योगदान है। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना को मील का पत्थर बताया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार में सामंजस्य की कोई कमी नहीं है। माडर्न कोच फैक्टरी रायबरेली के उप सामग्री प्रबंधक संजय निगम ने कहा कि कोच निर्माण ने उद्यमियों को बड़ा बाजार दिया है। भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक मोहित सिंह ने क्वालिटी का महत्व समझाया। ईसीजीसी कानपुर के मोहित ने विदेशों में प्रतिबंधित खरीदारों, क्षितिज मिश्रा ने आयात-निर्यात और कुनाल ठाकुर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में बताया। फियो कानपुर के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने आयात एवं निर्यात का डाटा पेश किया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मनीष पाठक व सिडबी के नीरज भल्ला ने भी योजनाओं की जानकारी दी। औद्योगिक प्रदर्शनी में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विभागों, बैंकों और एमएसएमई इकाइयों ने स्टाल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।



कार्यशाला में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान का स्वागत करते उद्यमी। संवाद